# आकाशवाणी शिमला

**22.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने प्रदेश लोक निर्माण विभाग में न्यायालय संबंधी मामलों के प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए कानूनी समाधान खोजने की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे जिन मामलों को देख रहे हैं, उनके निपटारे की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लें। शिमला में लोक निर्माण विभाग की एक कार्यशाला में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को अन्य राज्यों के लोक निर्माण विभागों से संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों और सफल रणनीतियों को जानने की सलाह दी। उन्होंने मामलों के निपटारे में देरी को कम करने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि मेले व उत्सव प्रदेश की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए पूरी तरह गंभीर है। कुलदीप सिंह पठानिया चंबा जिले के बनीखेत में जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर एक शोभा यात्रा भी निकाली गई जिसमें लोगों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला जिला के कोटखाई क्षेत्र की ग्रावग पंचायत में आज कुड़ी–मोहली सड़क का लोकार्पण किया। इस सड़क के निर्माण पर 4 करोड़ 87 लाख रूपए की राशि खर्च हुई है। एक जनसभा में रोहित ठाकुर ने कहा कि इस सड़क के बनने से न केवल कोटखाई की ग्रावग पंचायत बल्कि चौपाल तहसील के मड़ावग क्षेत्र के किसानों व बागवानों को भी लाभ होगा। उन्होंने बताया कि पिछले अढ़ाई वर्षों में जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में एक सौ 36 सड़कों की सफल पासिंग हो चुकी है और 4 सौ करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

## शूलिनी मेला

सोलन में राज्य स्तरीय शूलिनी मेला आज संपन्न हो रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस मेले में कई गतिविधियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। शूलिनी मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा क्राफ्ट मेला भी लगाया गया है जिसमें महिलाएं हस्त निर्मित व्यंजन व पकवान बेच रही है। सोलन के अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने बताया कि मेले में विभिन्न खेल गतिविधियों सहित कुश्ती प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है।

## आयोग

राज्य लोक सेवा आयोग ने स्पष्ट किया है कि 15 जून को पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों के साथ ज़िला प्रशासन की मदद से आयोजित करवाई गई थी। आयोग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार सोशल मीडिया पर वीडियो और वायरल पोस्ट में इस परीक्षा में नकल व चिटिंग संबंधी दावों को लेकर सच्चाई की जांच की जा रही है। आयोग ने सी.सी.टी.वी. फुटेज, परीक्षा केन्द्रों से मिली रिपोर्टस और अन्य साक्ष्यों की गहनता से समीक्षा की है लेकिन अभी तक नकल या अनुचित साधनों के उपयोग का कोई प्रमाण नहीं मिला है। आयोग ने सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज घने बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, मंडी, शिमला और सोलन जिला में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए स्थानीय लोगों और पर्यटकों को जलभराव वाली जगहों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों व नदी नालों के आसपास न जाने की सलाह दी है। उधर, चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मानसून के लोक निर्माण विभाग के फील्ड स्टॉफ को सतर्क कर दिया गया है।

---